हॉस्पिटल बोर्ड का निर्णयः — हॉस्पिटल बोर्ड द्वारा निर्देशित किया गया कि जॉचों से सम्बन्धित रीजेन्ट्स एवं कन्ज्यूमेबल्स की सूची के अनुमोदन की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि प्रत्येक जॉच हेतु रीजेन्ट्स/कन्ज्यूमेबल्स की आवश्यकता होती है। अतः विश्वविद्यालय में वर्तमान में की जा रही जॉचों की विस्तृत सूची नोडल अधिकारी, एच.आई.एम.एस. के माध्यम से प्राप्त की जाये तथा प्राप्त विवरण को आगामी हॉस्पिटल बोर्ड की बैठक में अवलोकनार्थ प्रस्तुत किया जाये।

एजेण्डा बिन्दु 4.5 **भौतिक चिकित्सा एवं पुनर्वास विभाग में इन–हाउस प्रोस्थेटिक्स एवं ऑर्थोटिक्स कार्यशाला की स्थापना हेतु प्रस्ताव।**	**प्रस्तावनाः** — भौतिक चिकित्सा एवं पुनर्वास पी0एम0आर0 विभाग में प्रोस्थेटिक्स एवं ऑर्थोटिक्स कार्यशाला की स्थापना का यह प्रस्ताव विभाग में उपचाराधीन दिव्यांग एवं कार्यात्मक अक्षमता से ग्रसित रोगियों को समग्र, समयबद्ध एवं किफायती पुनर्वास सेवाएँ प्रदान करने के उद्देश्य से प्रस्तुत किया जा रहा है। विभाग में आने वाले अंग–विच्छेदन, स्ट्रोक, स्पाइनल कॉर्ड इंजरी, सेरेब्रल पाल्सी, पोस्ट–पोलियो तथा मस्कुलोस्केलेटल विकृतियों से पीड़ित रोगियों को प्रोस्थेटिक एवं ऑर्थोटिक उपकरणों की नियमित आवश्यकता होती है। वर्तमान में इन सेवाओं के लिए उच्च संस्थानों पर निर्भरता के कारण उपचार में अनावश्यक विलंब, अधिक व्यय तथा पुनर्वास उपचार के साथ समुचित समन्वय का अभाव देखा जाता है। विभाग में इन–हाउस कार्यशाला की स्थापना से उपकरणों का निर्माण, फिटिंग एवं संशोधन चिकित्सकीय आवश्यकता के अनुरूप एवं समय पर संभव हो सकेगा, जिससे रोगियों की कार्यात्मक क्षमता, स्वतंत्रता तथा जीवन गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होगा। यह प्रस्ताव बहुविषयक पुनर्वास मॉडल को सुदृढ़ करने, आर्थिक रूप से कमजोर रोगियों को किफायती सेवाएँ प्रदान करने, तथा शिक्षण, प्रशिक्षण एवं शोध गतिविधियों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रस्तावित कार्यशाला राष्ट्रीय दिव्यांगजन नीतियों एवं अधिकार अधिनियम के अनुरूप है और संस्थान को एक समग्र पुनर्वास केंद्र के रूप में विकसित करने में सहायक होगी। **पृष्ठभूमिः**— भौतिक चिकित्सा एवं पुनर्वास पी0एम0आर0 विभाग न्यूरोलॉजिकल, मस्कुलोस्केलेटल तथा कार्यात्मक अक्षमताओं से ग्रसित रोगियों को समग्र पुनर्वास सेवाएँ प्रदान करता है। इन रोगियों के एक बड़े वर्ग को कार्यात्मक पुनर्वास हेतु प्रोस्थेटिक एवं ऑर्थोटिक उपकरणों की आवश्यकता होती है। वर्तमान में P&O सेवाओं के लिए उच्च संस्थानों पर निर्भरता के कारण अनावश्यक विलंब, सीमित अनुकूल, अधिक लागत तथा पुनर्वास उपचार के साथ अपर्याप्त समन्वय की समस्या उत्पन्न होती है। पी0एम0आर0 विभाग में एक इन–हाउस P&O कार्यशाला की स्थापना से प्रोस्थेटिक एवं ऑर्थोटिक उपकरणों का समयबद्ध निर्माण, फिटिंग एवं संशोधन संभव होगा, जिससे रोगी–केंद्रित, किफायती एवं परिणामोन्मुख पुनर्वास सेवाएँ सुनिश्चित की जा सकेंगी। **कृत कार्यवाही/निष्कर्ष/निर्णयः** — उपरोक्त के संदर्भ में पी0एम0आर0 विभाग द्वारा निम्न बिंदुओं पर विचार किया गया— 1. विभाग में उपलब्ध स्थान एवं संसाधनों का आकलन किया गया। 2. आवश्यक उपकरणों, मशीनरी एवं प्रशिक्षित मानव संसाधन की आवश्यकता का निर्धारण किया गया। 3. कार्यशाला की स्थापना हेतु अनुमानित व्यय का प्रारूप तैयार किया गया। 4. अन्य संस्थानों में संचालित समान कार्यशालाओं का अध्ययन कर

	व्यवहार्यता का परीक्षण किया गया। 5. पी0एम0आर0 विभाग द्वारा यह निष्कर्ष निकाला गया कि PMR विभाग में इन–हाउस P&O कार्यशाला की स्थापना व्यावहारिक, आवश्यक एवं लाभकारी है। **प्रस्तावः** – 1. प्रोस्थेटिक्स एवं आर्थोटिक्स वर्कशाप प्रारंभ करने हेतु आवेदन प्रस्ताव प्रेषित की अनुमति प्रदान करना चाहे। 2. वर्कशाप प्रारंभ करने हेतु मानव संसाधन एवं इंफ्रास्ट्रकचर की आवश्यकता होगी। 3. इस प्रस्ताव से संबधित वित्तीय एवं प्रशासनिक प्रकियाएँ प्रारंभ करने हेतु सहमति प्रदान करना चाहें। **बोर्ड से अपेक्षित निर्णयः**– हॉस्पिटल बोर्ड से अनुरोध है कि उक्त प्रस्ताव पर प्रशासनिक एवं सैद्धन्तिक अनुमोदन प्रदान करना चाहें।
हॉस्पिटल बोर्ड का निर्णयः – हॉस्पिटल द्वारा भौतिक चिकित्सा एवं पुनर्वास विभाग में इन–हाउस प्रोस्थेटिक्स एवं ऑर्थोटिक्स कार्यशाला की स्थापना हेतु सैद्धान्तिक सहमति प्रदान करते हुए विभागाध्यक्ष को निर्देशित किया गया कि एस0जी0पी0जी0आई0 / आर0एम0एल0 / के0जी0एम0यू0 में उक्त संवर्ग से सम्बन्धित पदों का विवरण प्राप्त करते हुए पदों के सृजन हेतु स्पष्ट प्रस्ताव विश्वविद्यालय प्रशासन के माध्यम से शासन को प्रस्तुत किया जाये।	
एजेण्डा बिन्दु 4.6 **चिकित्सालय की सुरक्षा, मानवशक्ति, मरीज सुविधाओं, आवश्यक अनुरक्षण एंव कार्मिक प्रबन्धन व्यवस्था को सुदृढ़ किये जाने के सम्बन्ध में।**	**प्रस्तावनाः** – चिकित्सालय में मरीजों को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्बाध चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने तथा चिकित्सालय की व्यवस्थाओं को अधिक प्रभावी बनाने हेतु सुरक्षा, मानवशक्ति, तकनीकी सुविधाओं, आवश्यक सेवाओं एवं कार्मिक प्रबंधन से सम्बन्धित व्यवस्थाओं का सुदृढ़ीकरण आवश्यक है। **कृत कार्यवाही / निष्कर्ष / निर्णयः** – उपरोक्त व्यवस्थाएं मरीजों की सुरक्षा, सुविधा एवं चिकित्सालय सेवाओं की निरंतरता से सीधे संबंधित हैं। अतः उपलब्ध संसाधनों एवं वर्तमान आवश्यकता का परीक्षण कर आवश्यक मानवशक्ति, सुरक्षा एवं तकनीकी सुविधाओं की व्यवस्था तथा संबंधित कार्यों हेतु उत्तरदायित्व किया जाना आवश्यक है। **प्रस्तावः** – हॉस्पिटल बोर्ड के समक्ष प्रस्तावित है कि– 1. मरीज की सुरक्षा, स्टाफ की सुरक्षा एवं मरीज की तीमारदार (अनावश्यक) संख्या, चिकित्सालय की सम्पत्ति की सुरक्षा हेतु सुरक्षा गार्ड की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता है। 2. चिकित्सालय के विभिन्न वार्डों / विभागों में MTS/Ward Boy की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता है। 3. सभी वार्डों के उपयुक्त एवं गैर–गोपनीय स्थानों पर CCTV कैमरों की आवश्यकता है। 4. चिकित्सा में 24x7 निर्बाध Civil अनुरक्षण व्यवस्था की आवश्यकता है। 5. OPD Registration Counter पर Token System/ Number Visualization System की आवश्यकता है। 6. लॉड्री सेवा गुणवत्ता एवं सुधार की आवश्यकता है। **बोर्ड से अपेक्षित निर्णयः**– हॉस्पिटल बोर्ड से अनुरोध है कि उक्त बिन्दुओं के सम्बन्ध में निर्णय लेना चाहें।
हॉस्पिटल बोर्ड का निर्णयः – वर्तमान में सुरक्षा व्यवस्था, मैनपावर, सी0सी0टी0वी0, इत्यादि हेतु कार्य प्रगति पर है। इसलिए हॉस्पिटल बोर्ड द्वारा इस एजेण्डा को ड्राप किये जाने का निर्णय लिया गया।	
एजेण्डा बिन्दु 4.7 **विश्वविद्यालय परिसर में एक अतिरिक्त प्रधानमंत्री भारतीय जन–औषधि केंद्र (PMBJAK) की स्थापना हेतु।**	**प्रस्तावनाः** विश्वविद्यालय परिसर में मरीजों और आस–पास के स्थानीय नागरिकों को सस्ती, उच्च गुणवत्ता वाली सस्ती जेनेरिक दवाएं उपलब्ध कराने हेतु विश्वविद्यालय में ट्रामा सेन्टर के पास जन औषधि केन्द्र संचालित है तथा सुपस्पेशियालिटी परिसर में भी उक्त सुविधा मरीजों को प्रदान करने हेतु एक अतिरिक्त जन औषधि केंद्र

	की स्थापना पर विचार किया जाना प्रस्तावित है। उक्त हेतु 500 बेडेड सुपरस्पेशलिटी चिकित्सालय के क्रिटिकल केयर ब्लाक एवं रेडियोथिरेपी ब्लाक के मध्य खाली स्थान को जन औषधि केंद्र स्थापित कराने हेतु चयनित किया जा सकता है। **प्रस्तावः** – 500 बेडेड सुपरस्पेशलिटी चिकित्सालय के क्रिटिकल केयर ब्लाक एवं रेडियोथिरेपी ब्लाक के मध्य खाली स्थान पर मरीजों के हित में एक अतिरिक्त जन औषधि केंद्र की स्थापना हेतु नियमानुसार प्रशासनिक एवं सैद्धान्तिक अनुमति। **बोर्ड से अपेक्षित निर्णयः**– हॉस्पिटल बोर्ड से अनुरोध है कि उक्त प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान करना चाहें।
हॉस्पिटल बोर्ड का निर्णयः – 500 बेड सुपरस्पेशियालिटी चिकित्सालय के पूर्णरूप से प्रारम्भ होने पर सुपरस्पेशियालिटी चिकित्सालय के क्रिटिकल केयर ब्लाक एवं रेडियोथिरेपी ब्लाक के मध्य खाली स्थान पर मरीजों के हित में एक अतिरिक्त जन औषधि केंद्र की स्थापना हेतु हॉस्पिटल बोर्ड द्वारा सहमति प्रदान की गयी।	
एजेण्डा बिन्दु 4.8 **उ0प्र0 आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय में इन–हाउस नहीं की जा रही जांचों के रेफरल परीक्षण को वाह्य एजेन्सी के माध्यम से कराए जाने हेतु M/s POCT Services के साथ संपादित MoU दिनांक 08.11.2019 के तहत प्रदान की जा रही सेवाओं के दायरे में विस्तार करने हेतु।**	**प्रस्तावना** : चिकित्सालय में उपचाररत मरीजों को बेहतर एवं निर्बाध स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के दृष्टिगत ऐसे समस्त क्लीनिकल, पैथोलॉजिकल टेस्ट/जांचें, जिनकी सुविधा वर्तमान में विश्वविद्यालय की केंद्रीय प्रयोगशाला (Central Lab) या विभागीय प्रयोगशालाओं में उपलब्ध नहीं है, मरीजों की आवश्यक्तानुसार विश्वविद्यालय में कार्य कर रही एजेंसी M/s POCT Services के माध्यम से बाह्य स्रोत (Outsource) द्वारा कराए जाने पर विचार करने हेतु। **नियम/कृत कार्यवाही/निष्कर्ष/निर्णयः** – इस व्यवस्था को पारदर्शी एवं सुचारू रूप से संचालित करने हेतु संबंधित विभाग के संकाय सदस्य/चिकित्सक केवल उन्हीं जांचों को बाह्य स्रोत के माध्यम से कराए जाने के लिए रेफर करेंगे, जो मरीज के उपचार हेतु अत्यंत आवश्यक हैं और जिनकी इन–हाउस (In–house) सुविधा विश्वविद्यालय में उपलब्ध नहीं है। सैंपल कलेक्शन हेतु M/s POCT Services के प्रतिनिधि विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित कलेक्शन सेंटर पर उपस्थित रहेंगे। संबंधित वार्ड/ओ.पी.डी. से सैंपल एकत्रित करने तथा उसे सुरक्षित रूप से वाह्य अधिकृत लैब तक पहुंचाने की पूर्ण जिम्मेदारी एजेंसी के अधिकृत प्रतिनिधी की होगी। • **दरें एवं भुगतान (Rates – Billing):** समस्त रेफर जांचों की दरें के.जी.एम.यू./आर.एम.एल./एस.जी.पी.जी.आई.एम.एस. में उपलब्ध दरों में से न्यूनतम दर अथवा सी0जी0एच0एस0 में उपलब्ध दरों के आधार पर तय की जाएगी। • **रिपोर्टिंग समय (Turnaround Time – TAT):** एजेंसी यह सुनिश्चित करेगी कि आपातकालीन जांचों (Emergency Tests) की रिपोर्ट न्यूनतम संभव समय में तथा सामान्य जांचों की रिपोर्ट अनुबंध में तय समय–सीमा के भीतर ऑनलाइन/हार्डकॉपी के माध्यम से उपलब्ध कराई जाए। • **गुणवत्ता नियंत्रण (Quality Control):** बाह्य स्रोत से प्राप्त होने वाली रिपोर्ट की सटीकता और गुणवत्ता के लिए M/s POCT Services पूर्णतः उत्तरदायी होगी। किसी भी प्रकार की विसंगति पाए जाने पर संबंधित विभागाध्यक्ष द्वारा इसकी रिपोर्ट तुरंत चिकित्सा अधीक्षक को प्रेषित की जाएगी। **प्रस्तावः**– समस्त क्लीनिकल विभाग के द्वारा ऐसे रेफर टेस्ट जो इन–हाउस उपलब्ध नहीं है एवं संबंधित विभाग के द्वारा नहीं किए जा रहे हैं मरीजों की आवश्यकता एवं हित को देखते हुए उक्तानुसार उपलब्ध न्यूनतम दर पर M/s POCT Services के माध्यम से वाह्य एजेन्सी से करवाए जाने के संबंध में अनुमति प्रदान करने

	हेतु। **बोर्ड से अपेक्षित निर्णयः**— हॉस्पिटल बोर्ड से अनुरोध है कि उक्त प्रस्ताव पर सैद्धान्तिक अनुमोदन प्रदान करना चाहें।

हॉस्पिटल बोर्ड का निर्णयः — हॉस्पिटल बोर्ड द्वारा प्रस्ताव पर सहमति प्रदान की गयी। हॉस्पिटल बोर्ड द्वारा निर्देशित किया गया कि रेफर टेस्ट जो इन–हाउस उपलब्ध नहीं है एवं मरीज हित में आवश्यक हैं, के सम्बन्ध में M/s POCT Services द्वारा उक्त टेस्ट हेतु NABL Accredited लैबों की दर सूची उपलब्ध कराई जाएगी तथा विश्वविद्यालय द्वारा एल–1 रेट वाली लैब से उक्त जॉच को निर्धारित समयावधि में करवाने एवं मरीज को रिपोर्ट उपलब्ध कराने हेतु M/s POCT Services से अनुबंध किया जायेगा।

एजेण्डा बिन्दु 4.9 **चिकित्सालय के समस्त महिला प्रसाधनों (Washrooms) में सैनिटरी नैपकिन डिस्पेंसर एवं इलेक्ट्रानिक इंसिनरेटर स्थापित करने हेतु।**	**प्रस्तावना** :— चिकित्सालय में आने वाली महिला मरीजों, उनके तीमारदारों (Attendant), महिला डॉक्टरों, नर्सों और अन्य महिला कर्मचारियों की स्वास्थ्य सुरक्षा एवं स्वच्छता (Menstrual Hygiene) को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सभी वॉशरुम में सैनिटरी नैपकिन डिस्पेंसर और उनके सुरक्षित निस्तारण हेतु उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु। **पृष्ठभूमि** :— एक उत्तरदायी चिकित्सा संस्थान होने के नाते, अस्पताल परिसर में स्वच्छता और संक्रमण नियंत्रण के उच्चतम मानकों को बनाए रखना अनिवार्य है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और बायो–मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट के नियमों के तहत स्वच्छ प्रसाधन बुनियादी अधिकार हैं। महिला मरीजों और उनके तीमारदारों को अक्सर आपातकालीन स्थितियों में अस्पताल आना पड़ता है, जहां सैनिटरी उत्पादों की तत्काल उपलब्धता न होने से उन्हें अत्यधिक मानसिक और शारीरिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उक्त के अतिरिक्त प्रयुक्त नैपकिन्स का असुरक्षित तरीके से निपटान संक्रमण और नालियों के अवरुद्ध होने का मुख्य कारण बनता है। इसके लिए आधुनिक डिस्पेंसर के साथ–साथ पर्यावरण–अनुकूल निस्तारण प्रणालियों (जैसे इंसिनरेटर) की आवश्यकता है। अतः चिकित्सालय के ओपीडी (OPD), आईपीडी (IPD), आपातकालीन वार्ड, प्रशासनिक ब्लॉक और स्टाफ लॉउंज इत्यादि स्थानों में सैनिटरी नैपकिन डिस्पेंसर की स्थापना की आवश्यक्ता है। **प्रस्ताव** :— चिकित्सालय के सभी महिला प्रसाधनों को चिन्हित करते हुए सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग मशीनें और इलेक्ट्रॉनिक इंसिनरेटर स्थापित करने हेतु सैद्धांतिक और प्रशासनिक स्वीकृति। **बोर्ड से अपेक्षित निर्णयः**— हॉस्पिटल बोर्ड से अनुरोध है कि उक्त प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान करना चाहें।

हॉस्पिटल बोर्ड का निर्णयः — हॉस्पिटल बोर्ड द्वारा प्रस्ताव पर सैद्धांतिक और प्रशासनिक सहमति प्रदान की गयी। साथ ही निम्नलिखित निर्देश दिये गये–

1. जेम पोर्टल के माध्यम से उक्त मशीन को तत्काल कय किया जाये।
2. प्रथम चरण में चिकित्सालय के समस्त महिला प्रसाधनों के साथ–साथ विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित महिला छात्रावासों के महिला प्रसाधनों में प्रत्येक तल पर एक सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन और इलेक्ट्रॉनिक इंसिनरेटर स्थापित की जाये।
3. महिला प्रसाधनों में इलेक्ट्रानिक इंसिनरेटर ऐसे स्थान पर लगाये जायें, जहॉ एक्जास्ट फैन उपलब्ध हो।
4. सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन को अमृत फार्मेसी के माध्यम से रिफिल करवाने हेतु पालिसी का निर्धारण किया जाये।

एजेण्डा बिन्दु 4.10 **चिकित्सालय के वार्डो एवं सी.एम. एस.डी. स्टोर में विभिन्न सरकारी योजनाओं/कार्यकमों के अन्तर्गत उपचाररत मरीजों एवं सामान्य मरीजों की दवाओं एवं सर्जिकल**	**प्रस्तावाना एवं पृष्ठभूमि** :— चिकित्सालय में विभिन्न जनकल्याणकारी स्वास्थ्य योजनाओं/कार्यकमों के तहत बड़ी संख्या में मरीज भर्ती होते हैं, जिनमें बड़ी मात्रा में औषधियों और सर्जिकल उपभोग्य सामग्रियों का उपयोग होता है। वर्तमान ऑडिट और प्रशासनिक व्यवस्थाओं को देखते हुए यह आवश्यक पाया गया है कि दवाओं के उपभोग का लोक–दस्तावेजीकरण अधिक पारदर्शी हो। सामान्य श्रेणी

कंज्यूमेबल सामग्री के रख–रखाव, उपभोग और अभिलेखों को रिकार्ड में प्रतिदिन दर्ज करने हेतु।	के मरीजों और योजना के लाभार्थियों के विवरणों में स्पष्ट अंतर न होने से प्रशासनिक और वित्तीय ऑडिट के समय विसंगतियां उत्पन्न होने की संभावना बनी रहती है। अतः चिकित्सालय की कार्यप्रणाली को अधिक जवाबदेह और कुशल बनाने के लिए वार्डों और सी.एम.एस.डी. स्टोर के मध्य समन्वय स्थापित करने हेतु समस्त सहायक नर्सिंग अधीक्षक, वार्ड प्रभारियों (इंचार्ज), नर्सिंग ऑफिसर्स और सी.एम.एस.डी. स्टोर में कार्यरत पटल सहायकों के उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाना आवश्यक है। **<u>नियम / कार्य योजना / कार्यवाही</u>** :– चिकित्सालय के वार्डों एवं सी.एम.एस.डी. स्टोर में दवाओं एवं सर्जिकल कंज्यूमेबल सामग्री के रख–रखाव, उपभोग और अभिलेखों को रिकार्ड में प्रतिदिन दर्ज करने हेतु निम्नलिखित कार्यवाही पर चर्चा प्रस्तावित है :– **<u>वार्ड स्तर पर उपभोग रजिस्टर (Consumption Register), स्टॉक रजिस्टर एवं इंडेण्ट बुक का रख–रखाव</u>**:– वार्ड इन्चार्ज के द्वारा वार्ड में भर्ती प्रत्येक मरीज का संपूर्ण विवरण– जैसे लाभान्वित योजना/कार्यक्रम का नाम, मरीज का नाम, सी.आर. (CR) व आई.पी.डी. (IPD) नंबर, संबंधित विभाग तथा चिकित्सा उपचार के दौरान वास्तव में उपयोग हुई दवाइयाँ/सर्जिकल कंज्यूमेबल सामग्री और उसकी सटीक मात्रा को 'उपभोग रजिस्टर' में अनिवार्य रूप से अंकित करते हुए प्रत्येक माह के अंत में उपभोग सूची तैयार करते हुए अगले माह के लिए सी.एम.एस.डी. स्टोर को इंडेंट भेजते हुए आवश्यक दवाइयाँ/सर्जिकल कंज्यूमेबल सामग्री की आपूर्ति प्राप्त की जाएगी। वार्ड प्रभारियों द्वारा सी.एम.एस.डी. स्टोर से प्राप्त होने वाली सभी प्रकार की औषधियों और चिकित्सा सामग्रियों को प्राप्त करते ही अपने वार्ड के स्टॉक रजिस्टर में भी अनिवार्य रूप से दर्ज किया जाएगा। **<u>मरीजों के विवरण का पृथककरण (Separation of Data)</u>**:– सी.एम.एस.डी. स्टोर एवं संबंधित वार्डों में सामान्य मरीजों तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं/कार्यक्रमों के माध्यम से भर्ती मरीजों का पूरा विवरण व रिकॉर्ड पूरी तरह से पृथक–पृथक (अलग–अलग) रखते हुए स्पष्ट रूप से प्रतिदिन अंकित किया जाएगा। **<u>पटल सहायकों द्वारा विस्तृत अभिलेख रख–रखाव</u>:–** सी.एम.एस.डी. स्टोर में कार्यरत पटल सहायक द्वारा प्रत्येक मरीज के लाभान्वित योजना/कार्यक्रम का नाम, मरीज का नाम, सी.आर./आई.पी.डी. नंबर, विभाग का नाम, प्रदान की गई दवाइयाँ एवं सर्जिकल कंज्यूमेबल सामग्री की मात्रा, उसकी कीमत तथा आपूर्ति करने वाली फर्म आदि का पूरा विवरण अलग–अलग दर्ज कर अभिलेख को पूरी तरह सुरक्षित रखा जाएगा, जिससे आवश्यकता पड़ने पर उक्त विवरण को संबंधित अधिकारियों या निरीक्षण टीम को तत्काल उपलब्ध कराया जा सके। **<u>प्रस्ताव</u>** :– हॉस्पिटल बोर्ड के निर्देशों के कम में प्रस्ताव को निम्नानुसर re-frame किया जा रहा है– 1. सरकारी योजना / कार्यक्रम के अन्तर्गत चिकित्सालय में भर्ती / उपचारंरत मरीज से सम्बन्धित Consumption, Demand, Supply एवं Records - individualy मरीज के नाम से तैयार किये जायेंगे। 2. सरकारी योजना / कार्यक्रम के अन्तर्गत चिकित्सालय में भर्ती / उपचाररत मरीजों हेतु प्रयोग किये जाने वाले कन्ज्यूमेबल, इम्प्लान्ट, दवाई एवं सर्जिकल ड्रेसिंग इत्यादि से सम्बन्धित विवरण को चिकित्सक से प्राप्त करते हुए वार्ड इन्चार्ज (ए0एन0एस0) द्वारा प्रत्येक मरीज के नाम से सी0एम0एस0डी0 से

	इन्डेन्ट किया जायेगा। 3. सी0एम0एस0डी0 द्वारा इन्डेन्ट के सापेक्ष निर्गत सामग्री को Consumption Register में प्रत्येक मरीज के नाम से (जिसमें मरीज का नाम, सी.आर./आई.पी.डी. नंबर, लाभान्वित योजना/कार्यक्रम का नाम, इन्डेन्ट की गई दवाइयाँ एवं सर्जिकल कंज्यूमेबल सामग्री की मात्रा, उसकी कीमत तथा आपूर्ति करने वाले फर्म का पूर्ण विवरण) अभिलेखों में दर्ज किया जायेगा एवं उक्तानुसार स्टाक रजिस्टर मेन्टेन किया जायेगा। 4. वार्ड इन्चार्ज के द्वारा इन्डेन्ट के सापेक्ष सी0एम0एस0डी0 से प्राप्त सामान को Consumption Register में प्रत्येक मरीज के नाम से (जिसमें मरीज का नाम, सी.आर./आई.पी.डी. नंबर, लाभान्वित योजना/कार्यक्रम का नाम, इन्डेन्ट की गई दवाइयाँ एवं सर्जिकल कंज्यूमेबल सामग्री की मात्रा) अभिलेखों में दर्ज किया जायेगा। 5. फर्म के बिलों का भुगतान/प्रतिपूर्ति Consumption Register/ स्टाक रजिस्टर के आधार पर की जायेगी। 6. वार्ड के Consumption Register को मेन्टेन करने हेतु सम्बन्धित वार्ड के रेजिडेन्ट के द्वारा वार्ड इंचार्ज (ए.एन.एस.) को सहयोग प्रदान किया जायेगा। **बोर्ड से अपेक्षित निर्णयः**– हॉस्पिटल बोर्ड से अनुरोध है कि उक्त प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान करना चाहें।
हॉस्पिटल बोर्ड का निर्णयः – हॉस्पिटल बोर्ड द्वारा उक्तानुसार बिन्दु– 01 से 06 तक re-frame किये गये प्रस्तावों पर सहमति प्रदान की गयी।	
एजेण्डा बिन्दु 4.11 **हॉस्पिटल में औषधियों की अनुपलब्धता की परिस्थितियों में औषधियों, इम्प्लांट एवं सर्जिकल/ ड्रेसिंग कन्सयूमेबल को तत्काल क्रय किये जाने के सम्बन्ध में।**	**प्रस्तावनाः** अस्पताल में समय–समय पर औषधियों, इम्प्लांट एवं सर्जिकल कन्स्यूमेबल की अनुपलब्धता एवं आकस्मिक परिस्थितियों में औषधियों, इम्प्लांट एवं सर्जिकल/ड्रेसिंग कन्स्यूमेबल को विश्वविद्यालय के अस्पताल परिसर में संचालित अमृत फॉर्मेसी से GFR 2017 amended upto 31 July 2024 के अंतर्गत/के0जी0एम0यू0/एस0जी0पी0जी0 आई0एम0एस0/एम्स में उपलब्ध व्यवस्था के अंतर्गत औषधियों, इम्प्लांट एवं सर्जिकल/ड्रेसिंग कन्स्यूमेबल को तत्काल क्रय किया जा सकता है। **पृष्ठभूमिः**– वर्तमान में अधिकांश औषधियों, इम्प्लांट एवं सर्जिकल/ड्रेसिंग कन्स्यूमेबल का क्रय विश्वविद्यालय में स्थापित दर अनुबन्ध के आधार पर किया जा रहा है किन्तु कभी–कभी ऐसी औषधि, इम्प्लांट एवं सर्जिकल/ड्रेसिंग कन्स्यूमेबल जिसकी दरें विश्वविद्यालय के दर अनुबन्ध में नहीं है या ऐसी औषधि, इम्प्लांट एवं सर्जिकल/ड्रेसिंग कन्स्यूमेबल जिसका दर अनुबन्ध के आधार पर आपूर्ति आदेश जारी किया जा चुका है किंतु आपूर्तिकर्ता फर्म के द्वारा आपूर्ति नहीं की गई है, आवश्यकता पड़ने पर मरीज हित में विश्वविद्यालय के अस्पताल परिसर में संचालित अमृत फॉर्मेसी से GFR 2017 amended upto 31 July 2024 के अंतर्गत/के0जी0एम0यू0/एस0जी0पी0 जी0आई0 एम0एस0/ एम्स में उपलब्ध व्यवस्था के अंतर्गत औषधियों, इम्प्लांट एवं सर्जिकल/ड्रेसिंग कन्स्यूमेबल को तत्काल क्रय किया जा सकता है। **प्रस्तावः** – आकस्मिक परिरिथितियों एवं अस्पताल में औषधियों, इम्प्लांट एवं सर्जिकल/ड्रेसिंग कन्स्यूमेबल की अनुपलब्धता की स्थिति में औषधियों, इम्प्लांट एवं सर्जिकल/ड्रेसिंग कन्स्यूमेबल का क्रय अमृत फार्मेसी से GFR 2017 and updated up to 31 July 2024 में दिए गए नियमों/के0जी0एम0यू0/एस0जी0पी0 जी0आई0 एम0एस0/ एम्स में उपलब्ध व्यवस्था के अंतर्गत किए जाने हेतु अनुमति। **बोर्ड से अपेक्षित निर्णयः**– हॉस्पिटल बोर्ड से अनुरोध है कि उक्त

	प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान करना चाहें।

हॉस्पिटल बोर्ड का निर्णयः – हॉस्पिटल बोर्ड द्वारा प्रस्ताव पर सहमति प्रदान की गयी तथा निर्देशित किया गया कि आकस्मिक परिस्थितियों में आवश्यक औषधियों, इम्प्लांट एवं सर्जिकल / ड्रेसिंग कंज्यूमेबल का क्रय विश्वविद्यालय के रेट कान्ट्रेक्ट के समतुल्य धनराशि अथवा उससे कम रेट पर किया जाये।

एजेण्डा बिन्दु 4.12 **विश्वविद्यालय के चिकित्सालय में संविदा पर रेडियोलॉजिस्ट (एम.डी. / डी.एन.बी. / डी.एम.आर.डी.) की नियुक्ति हेतु जारी विज्ञापन के कम में शुद्वि पत्र निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में।**	<u>प्रस्तावना</u> :– कार्यपरिषद की 15वी बैठक दिनांक 25.04.2026 के एजेण्डा बिंदु 15.11 में प्रस्तुत प्रस्ताव पर दिए गए निर्णय के कम में विश्वविद्यालय द्वारा संविदा पर रेडियोलॉजिस्ट (एम.डी. / डी.एन.बी. / डी.एम.आर.डी.) की नियुक्ति हेतु विज्ञापन संख्या 287 / यूपीयूएमएस / सीएमएस / 178 / 2026–27 दिनांक 15.07. 2026 प्रकाशित किया गया। जिसके सापेक्ष अबतक कोई भी रेडियोलॉजिस्ट साक्षात्कार हेतु उपस्थित नहीं हुआ है। उक्त विज्ञापन में टेली रिर्पोटिंग एवं अभ्यर्थियों द्वारा साक्षात्कार की प्रकिया में प्रतिभाग करने हेतु जमा किए जाने वाले शुल्क का उल्लेख नहीं था। इसलिए संविदा पर रेडियोलॉजिस्ट के चयन हेतु पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन को उक्त बिंदुओं (टेली रिर्पोटिंग एवं शुल्क) को समावेशित करते हुए निम्नवत संशोधित विज्ञापन तैयार किया गया है:– **<u>संविदा पर रेडियोलॉजिस्ट के चयन हेतु योग्यता एवं सेवा शर्तें (संशोधित विज्ञापन)</u>** पूर्व में जारी विज्ञापन संख्या 287/UPUMS/ CMS/178/2026-27 दिनांक 15.07.2026 द्वारा रेडियोलॉजिस्ट – संविदा की नियुक्ति हेतु प्रकाशित विज्ञापन में उल्लिखित "चयन हेतु योग्यता एवं सेवा शर्तों" को निम्नवत पढ़ा जाए :– 1. विश्वविद्यालय में रेडियोलॉजिस्ट की आवश्यकता को देखते हुए 'वॉक इन इंटरव्यू' (Walk-in-Interview) के माध्यम से रेडियोलॉजिस्ट की संविदा पर नियुक्ति की जायेगी। 2. <u>मासिक वेतन</u> – फुल टाइम प्रतिदिन 08 घंटे :– रेडियोलॉजिस्ट(संविदा) को रु1,20,000 / – का नियत मासिक वेतन देय होगा। उक्त वेतन के अतिरिक्त रेडियोलॉजिस्ट(संविदा) को चिकित्सालय आने–जाने हेतु Conveyance Incentive के रूप में रु1,000 / – धनराशि का प्रतिदिन भुगतान किया जाएगा। *अथवा* पार्ट टाइम प्रतिदिन 04 घंटे :– रु.5,000 / – (Inclusive of Conveyance Incentive) मात्र पारिश्रमिक का भुगतान किया जाएगा। *अथवा* **टेली रिपोर्टिंग :– एम.आर.आई. / सी0टी0 स्कैन जाँचों की टेली / रिमोट रिपोर्टिंग हेतु प्रति एम0आर0आई0 / सी0टी0 स्कैन रिपोर्ट रु300 एवं प्रति एक्सरे रिपोर्ट हेतु रु 50 / – की दर से भुगतान किया जाएगा।** 3. आकस्मिक परिस्थितियों जैसे लाइफ सेविंग एवं लिम्ब सेविंग की स्थिति में रेडियोलॉजिस्ट को बुलाए जाने पर प्रति विजिट / प्रति USG रु500 / – की धनराशि का भुगतान किया जाएगा। 4. संविदा के आधार पर रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति 06 माह के लिए की जायेगी, जोकि रेडियोलॉजिस्ट की संतोषजनक सेवाओं एवं मरीजों के हितों को दृष्टिगत रखते हुए सक्षम स्तर के अनुमोदनोपरान्त विस्तारित की जा सकेगी। 5. योग्यता : संविदा के आधार पर रेडियोलॉजिस्ट के चयन हेतु योग्यता का विवरण निम्नलिखित है: Essential Qualifications: • MD (Radio-Diagnosis) from a recognized university OR • DNB (Radio-Diagnosis) from a recognized board OR • DMRD (Diploma in Medical Radio-Diagnosis) from a

	recognized institution. Mandatory Certifications: Valid State Medical Council or National Medical Commission (NMC) registration is mandatory. 6. आवेदन शुल्क (**non-refundable**) :- अनारक्षित/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग/अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु रु.1,000/- (रुपये एक हजार मात्र) तथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों हेतु रु.500/- (रुपये पाँच सौ मात्र) का अप्रतिदेय (**non-refundable**) आवेदन शुल्क देय होगा। उक्त शुल्क **Finance Officer, UPUMS, Saifai, Etawah** के पक्ष में देय डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से, जो सैफई (शाखा कोड-7281) पर देय (**Payable at Saifai**) हो, आवेदन पत्र के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा। प्रस्ताव : 1. चिकित्सालय में संविदा पर रेडियोलॉजिस्ट के चयन हेतु संशोधित विज्ञापन को प्रकाशित करने की अनुमति। 2. **चिकित्सालय में जब तक संविदा पर रेडियोलॉजिस्ट का चयन नहीं हो जाता है, तब तक विश्वविद्यालय में पीपीपी मॉडल पर संचालित फर्म से सी0टी0/ एक्स-रे/ एम0आर0आई0 हेतु टेली रिपोर्टिंग की सुविधा प्राप्त करने हेतु अनुमति।** **हॉस्पिटल बोर्ड से अपेक्षित निर्णयः**- हॉस्पिटल बोर्ड से अनुरोध है कि उक्त संशोधित विज्ञापन को प्रकाशित करने हेतु अनुमोदन प्रदान करना चाहें।

हॉस्पिटल बोर्ड का निर्णयः- हॉस्पिटल बोर्ड द्वारा प्रस्ताव पर सहमति प्रदान करते हुए निम्नलिखित निर्देश दिये गये-

1. संशोधित विज्ञापन में रिटायर्ड रेडियोलॉजिस्ट की सेवाएं लिए जाने का उल्लेख किया जाये।
2. चिकित्सालय में जब तक संविदा पर रेडियोलॉजिस्ट का चयन नहीं हो जाता है, तब तक विश्वविद्यालय में पीपीपी मॉडल पर संचालित फर्म से सी.टी./एक्स-रे/एम.आर.आई. हेतु टेली रिपोर्टिंग की सुविधा लेने हेतु प्रस्ताव प्राप्त किया जाये।

एजेण्डा बिन्दु 4.13 **पीसीटी टेस्ट हेतु मेसर्स पॉक्ट सर्विसेज, लखनऊ एवं मेसर्स अनिल सर्जिकल, इटावा द्वारा प्रस्तुत दरों के आधार पर तैयार तुलनात्मक विवरण पर निर्णय हेतु।**	**प्रस्तावना** : हॉस्पिटल बोर्ड की तृतीय बैठक के एजेण्डा बिंदु 3.11 (मेसर्स अनिल सर्जिकल के द्वारा चिकित्सालय के आईसीयू विभाग में पी.सी.टी. टेस्ट हेतु Europium Immunoassay System को निःशुल्क स्थापित करने के संबंध में।) में प्रस्तुत प्रस्ताव पर हॉस्पिटल बोर्ड द्वारा मेसर्स पॉक्ट सर्विसेज, लखनऊ एवं मेसर्स अनिल सर्जिकल, इटावा द्वारा पीसीटी टेस्ट हेतु प्रस्तावित दर एवं चिकित्सालय में आने वाली लागत के आधार पर उक्ट टेस्ट हेतु तुलनात्मक विवरण तैयार किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। हॉस्पिटल बोर्ड के निर्णय के अनुपालन में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक की अध्यक्षता में गठित समिति सदस्यों (डा0 मनोज कुमार विभागाध्यक्ष मेडिसिन, डा0 हिमान्शू प्रिन्स उप-चिकित्सा अधीक्षक, डा0 अजय गुप्ता सेन्ट्रल लैब इन्चार्ज- बायोकमेस्ट्री) के द्वारा फर्म मेसर्स पॉक्ट सर्विसेज, लखनऊ एवं मेसर्स अनिल सर्जिकल, इटावा को विभिन्न तिथियों में विश्वविद्यालय द्वारा जारी कय आदेश के आधार पर निम्नांकित विवरण तैयार किया गया है :-

फर्म का नाम	टेस्ट का नाम	पैक साइज	प्रस्तावित दर	प्रति टेस्ट दर	कार्यालय आदेश संख्या
मेसर्स पॉक्ट सर्विसेज, लखनऊ	पीसीटी टेस्ट	25 टेस्ट/बाक्स	10592.50	423.68/-	914/MMD/24x7 Cent Lab(2899-CD)/25-26 dated 30 March, 2026

मेसर्स अनिल सर्जिकल, लखनऊ	पीसीटी टेस्ट	प्रति टेस्ट	679/–	679/–	1968/MM-Deptt-Emerg/168/06-07/23-24 dated 15 March, 2024

प्रस्ताव :– उक्त तालिका में अंकित विवरण के अनुसार पीसीटी टेस्ट हेतु विश्वविद्यालय में उपलब्ध मूल्य के आधार पर एल–1 फर्म मेसर्स पॉक्ट सर्विसेज है। अतः पीसीटी टेस्ट हेतु तुलनात्मक विवरण के आधार पर एल–1 फर्म से पीसीटी टेस्ट सम्पादित कराने हेतु हॉस्पिटल बोर्ड के निर्णयार्थ प्रस्तुत है।

बोर्ड से अपेक्षित निर्णयः– हॉस्पिटल बोर्ड से अनुरोध है कि उक्त प्रस्ताव के सम्बन्ध में निर्णय लेना चाहें।

हॉस्पिटल बोर्ड का निर्णयः – समिति द्वारा प्रस्तुत तुलनात्मक विवरण में अंकित एल–1 फर्म मेसर्स पॉक्ट सर्विसेज, लखनऊ से पी0सी0टी0 टेस्ट करने हेतु अनुमति प्रदान की गयी।

एजेण्डा बिन्दु 4.14
विश्वविद्यालय कैम्पस को Disable Friendly कैम्पस के अन्तर्गत अपग्रेड करने हेतु यू0जी0सी0 गाईडलाईन्स को Adopt किये जाने के सम्बन्ध में।

प्रस्तावनाः – विश्वविद्यालय को Disable Friendly कैम्पस के अन्तर्गत विकसित/अपग्रेड करने हेतु परिसर के समस्त भवनों में बाधारहित रैम्प, रेलिंग, लिफ्ट और दिव्यांग–अनुकूल शौचालय (Disabled & friendly Toilets) का निर्माण/अपग्रेड, दृष्टिबाधित व्यक्तियों हेतु मुख्य मार्गों पर टैक्टाइल पाथवे (Tactile Pathways) और ब्रेल साइनबोर्ड (Braille Signage) की व्यवस्था के साथ–साथ शैक्षणिक एवं डिजिटल सुगम्यता (Academic & Digital Accessibility) सुनिश्चित की जानी है। इस हेतु दिनांक 10.08.2026 को मा0 कुलपति महोदय की अध्यक्षता में सम्पन्न Disable Friendly कैम्पस समिति की बैठक के दौरान प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में उक्त हेतु यू0जी0सी0 द्वारा प्रचलित गाईडलाईन्स को Adopt किया जाना है।

पृष्ठभूमिः– विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) द्वारा जारी "Accessibility Guidelines and Standards for Higher Education Institutions and Universities" के अनुसार विश्वविद्यालय को दिव्यांगजन (Divyangjan) छात्रों, संकाय सदस्यों, कर्मचारियों एवं आगंतुकों के लिए पूरी तरह सुगम्य (Accessible) बनाया जाना है।

कृत कार्यवाही/निष्कर्ष/निर्णयः – दिनांक 10.08.2026 को मा० कुलपति महोदय की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक के दौरान दिये गये निर्देशों के अनुपालन में विश्वविद्यालय परिसर के सभी शैक्षणिक एवं चिकित्सालय भवनों, पुस्तकालयों और छात्रावासों को Disable Friendly कैम्पस के अन्तर्गत विकसित/अपग्रेड करने हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) द्वारा जारी "Accessibility Guidelines and Standards for Higher Education Institutions and Universities" को Adopt किया जाना है।

प्रस्तावः – विश्वविद्यालय को Disable Friendly कैम्पस के अन्तर्गत विकसित/अपग्रेड करने हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) द्वारा जारी "Accessibility Guidelines and Standards for Higher Education Institutions and Universities" को Adopt किये जाने हेतु हॉस्पिटल बोर्ड अनुमोदन प्रदान करना चाहें।

बोर्ड से अपेक्षित निर्णयः– हॉस्पिटल बोर्ड से अनुरोध है कि उक्त प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान करना चाहें।

हॉस्पिटल बोर्ड का निर्णयः – हॉस्पिटल बोर्ड द्वारा प्रस्ताव पर सहमति प्रदान की गयी।

टेबल एजेण्डा

एजेण्डा बिन्दु 4.15

हिमोडायलिसिस पैकेज आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (AB–PMJAY) के अंतर्गत निर्धारित सीमा 75 प्रतिशत से अधिक व्यय (Overshooting) हेतु समाधान एवं भावी नीति निर्धारण।

प्रस्तावना : विश्वविद्यालय में आयुष्मान भारत–प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत MG072D – Haemodialysis (Day Care) Package के माध्यम से हीमोडायलिसिस की सुविधा प्रदान की जाती है। यह जीवनरक्षक प्रक्रिया है, जिसे मरीज की चिकित्सकीय आवश्यकता के अनुसार निर्धारित समय पर किया जाना आवश्यक है। **उक्त पैकेज की आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत स्वीकृत धनराशि ₹1,650/- प्रति CASE है। विश्वविद्यालय द्वारा हीमोडायलिसिस सेवा हेतु मरीज से ₹1,250/– निर्धारित शुल्क लिया जाता है, जो आयुष्मान पैकेज धनराशि का लगभग 75.76 प्रतिशत है।**

पृष्ठभूमि:– चिकित्सालय में मरीजो को डायलिसिस की सुविधा प्रदान करने हेतु डायलिसिस पर प्रति केस आने वाला वास्तविक व्ययभार का विवरण निम्नवत है :–

पैकेज एवं व्यय की स्थिति

मद		राशि
MG072D **हीमोडायलिसिस पैकेज**		**रू0 1,650/–**
चिकित्सालय द्वारां हीमोडायलिसिस हेतु निर्धारित शुल्क		रू0 1,250/–
MG072D हीमोडायलिसिस पैकेज धनराशि का 75 प्रतिशत		रू0 1,237.50/–
हीमोडायलिसिस कन्सयूमेबिल धनराशि :		
Dialyser	310/-	
Blood Tubing	110/-	
Inj Heparin	45/-	
Fistula Needle	23/-	
Disinfectant	120/-	
Normal Saline	34/-	
Golves, IV Set, Syringes, Gauze Piece, Bitadin etch	60/-	
Dialysis Fluid	140/-	
Total Amount	**842/-**	
BASIC जॉचों (CBC, LFT, KFT, SERUM ELECTROOLYTES) पर व्यय		रू0 415/–
Erythropoietin Injection		रू0 134/–
Catheter (required for those patient who don't have fistula/vascular access)		रू0 1,500/–

प्रस्ताव : हीमोडायलिसिस जीवनरक्षक उपचार है। इसलिए पात्र मरीज को केवल पैकेज की सीमा–राशि के कारण चिकित्सकीय रूप से आवश्यक उपचार से वंचित किया जाना उचित नहीं होगा। अतः हीमोडायलिसिस पैकेज ओवरशूट की स्थिति में निम्नलिखित प्रस्ताव पर अनुमोदन अपेक्षित है :–

1. हीमोडायलिसिस हेतु ऐसे समस्त मरीज जो असाध्य रोग योजना मे उपचार की पात्रता रखते हैं नियमानुसार असाध्य रोग योजना के अंतर्गत हीमोडायलिसिस की सुविधा प्रदान किए जाने हेतु अनुमति।
2. अपरिहार्य परिस्थितियों में कुछ ऐसे मरीज जो असाध्य रोग योजना के अन्तर्गत नहीं आते हैं एवं आयुष्मान कार्ड धारक हैं, उन्हें AB–PMJAY के अंतर्गत हीमोडायलिसिस की सुविधा प्रदान करने हेतु हिमोडायलिसि कन्स्यूमेबिल धनराशि रू0 842 +

	बेसिक जॉच शुल्क रू0 415/– कुल धनराशि लगभग रू0 1257 (MG072D हीमोडायलिसिस पैकेज धनराशि का 75 प्रतिशत रू0 1,237/– से मात्र रू0 20/– अतिरिक्त) को विश्वविद्यालय द्वारा मरीज पर व्यय किये जाने हेतु अनुमति। 3. हीमोडायलिसिस हेतु Erythropoietin Injection Rs. 134/- एवं Cathter Cost Rs. 1,500/- (required for those patient who don't have fistula/vascular access) के व्ययभार का वहन किसके द्वारा एवं कि मद से किया जाएगा के संबंध में निर्णय लेने हेतु। **<u>हास्पिटल बोर्ड से अपेक्षित निर्णयः</u>**– हास्पिटल बोर्ड से अनुरोध है कि उक्त प्रस्ताव पर दिशा–निर्देश/अनुमोदन प्रदान करना चाहें।

<u>हॉस्पिटल बोर्ड का निर्णयः</u> – हॉस्पिटल बोर्ड द्वारा निम्नानुसर निर्णय लिये गये कि–

1. हीमोडायलिसिस हेतु ऐसे समस्त मरीज जो असाध्य रोग योजना मे उपचार की पात्रता रखते हैं नियमानुसार असाध्य रोग योजना के अंतर्गत हीमोडायलिसिस की सुविधा प्रदान की जायेगी।
2. ऐसे समस्त मरीज जो आयुष्मान योजना के कार्ड धारक हैं, उनके लिए आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (AB–PMJAY) के अंतर्गत MG072D हीमोडायलिसिस पैकेज की धनराशि रू.1650.00 (हीमोडायलिसिस+बेसिक जॉच) के अन्तर्गत डायलिसिस की सुविधा प्रदान की जायेगी।
3. ऐसे मरीज जो आयुष्मान कार्ड धारक नहीं हैं और असाध्य रोग योजना के अन्तर्गत भी नहीं आते हैं, उनसे हीमोडायलिसिस की सुविधा हेतु विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्क रू. 1250.00 एवं अन्य शुल्क (Basic Investigation, Erythropoietin Injection एवं Cathter Cost) आवश्यकतानुसार लिया जायेगा।

<u>एजेण्डा बिन्दु 4.16</u> **एस.जी.पी.जी.आई. और के.जी.एम.यू. के ऑडिटर द्वारा विश्वविद्यालय में संचालित सरकारी योजनाओं (असाध्य रोग, जे.एस.वाई., पी.एम.जे.ए.वाई., जे.एस.एस.के. इत्यादि) का ऑडिट करवाने हेतु।**	**प्रस्तावः**– विश्वविद्यालय के रोगी कल्याण प्रकोष्ठ के अन्तर्गत संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं/कार्यकमों (असाध्य रोग, जे. एस.वाई., पी.एम.जे.ए.वाई., जे.एस.एस.के. इत्यादि) में पंजीकृत मरीजों के उपचार में व्यय की गयी धनराशि/अभिलेखों के विभागीय ऑडिट को एस.जी.पी.जी.आई./के.जी.एम.यू. के ऑडिटर से कराया जाना प्रस्तावित है।

<u>हॉस्पिटल बोर्ड का निर्णयः</u> – हॉस्पिटल बोर्ड द्वारा उक्त प्रस्ताव को अनुमति प्रदान की गयी।

चिकित्सा अधीक्षक/संयोजक– हॉस्पिटल बोर्ड द्वारा बैठक के अंत में हॉस्पिटल बोर्ड के समस्त सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

(प्रो0 (डॉ0) अमित सिंह)
चिकित्सा अधीक्षक
एवं संयोजक हॉस्पिटल बोर्ड,
उ0प्र0 आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई, इटावा

(प्रो0 (डा0) रमाकान्त यादव)
प्रति–कुलपति
उ0प्र0 आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय,
सैफई, इटावा

(प्रो0 (डॉ0) अजय सिंह)
कुलपति
उ0प्र0 आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय,
सैफई, इटावा